# कविता के जरिए बताए कोरोना से बचने के उपाय

प्रयागराज। साहित्य अकादमी नई दिल्ली की ओर से आयोजित वेबलाइन साहित्य सिरीज में प्रयागराज से इलाहाबाद डिग्री कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी 'रसराज' ने भी भागीदारी की। उन्होंने संस्कृत में काव्य पाठ करके कोरोना से बचने के उपाय बताए। उनके साथ सागर विश्वविद्यालय से संस्कृत के सहायक आचर्य डॉ. नौनिहाल गौतम और भगवान दास संस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार के डॉ. निरंजन मिश्र ने भी सहभागिता की। डॉ. रसराज ने संस्कृत कविता के माध्यम से कोररोना संक्रमण को लक्ष्य कर एक गीत प्रस्तुत किया।